# फैमली टाइम्स

RNI NO : PUNMUL/2009/2902 | 28 , JUNE , 2025 | PAGES : 15 | E-PAPER


# IND vs ENG U19: ऑलराउंड प्रदर्शन से जीता भारत, इंग्लैंड को छह विकेट से हराया; कनिष्क-वैभव और अभिज्ञान चमके





भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड को पांच मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में छह विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। शुक्रवार को होव में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 42.2 ओवर में 10 विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 24 ओवर में चार विकेट पर 178 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड को पांच मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में छह विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।



HOLISTIC VASTU
CONSULTANTS
Vastu Dosha Correction Without any Remedies
First Phone Advice Free
Scientific Vastu Shastra Consultant since 2012.
13+ years experience.
SERVICES
✓ VASTU FOR HOME
✓ VASTU FOR OFFICE
✓ VASTU FOR HOTELS
✓ VASTU FOR FACTORY
✓ VASTU FOR PLOTS
Sonam Sandhu
+91-93502-71012
www.vastushastraconsultant.com

# केंद्रीय गृह राज्य मंत्री पहुंचे चंडीगढ़, 100 करोड़ की विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन




केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार अपने दौरे के दौरान धनास में पुलिस कर्मियों के लिए 144 नए आवासों की आधारशिला रखेंगे। धनास में बनाए जाने वाले 144 टाइप-2 मकानों का निर्माण चंडीगढ़ आर्म्ड पुलिस की बढ़ती आवासीय जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार आज चंडीगढ़ पहुंचे। वे 100 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य शिक्षा, आवास और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है।


BALAJI AUTOS
CAR REPAIR SERVICES
Get your car fixed right the first time with our certified and experienced car repair technicians.
Our Services
-Wheel Alignment
- Washing Drycleaning
- Denting - Painting
- Car Scanning
- Apollo Tyers Available
- Insurance of Car Bike
-Car Fitness Certificate
20% OFF
Bmw,Audi, Mercedes,Maruti, Hyundai,Honda,Gm,Kia,Skoda,VW
BALAJI AUTOS
Plot No. 37, Main Road, Sec- 42, Attawa, Chd
9646952897

# सीएच01-सीजेड सीरीज के फैंसी नंबरों की नीलामी करेगा आरएलए, आज से पंजीकरण



3 जुलाई शाम पांच बजे तक कर सकेंगे पंजीकरण, 6 जुलाई को लगेगी नंबरों के लिए आखिरी बोली। अपने वाहन के लिए यदि आप फैंसी नंबर की तलाश कर रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है। चंडीगढ़ रजिस्टरिंग व लाइसेंसिंग अथॉरिटी (आरएलए) सीएच01-सीजेड के बाकी फैंसी नंबरों की नीलामी करने जा रहा है। नीलामी में हिस्सा लेने के लिए लोगों को पहले पंजीकरण कराना होगा, जो शुक्रवार सुबह 10 बजे से शुरू हो जाएगा। इच्छुक लोग 27 जून से 3 जुलाई शाम पांच बजे तक पंजीकरण करा सकेंगे। 4 जुलाई से वाहन चालक अपने पसंदीदा नंबर के लिए बोली लगा सकेंगे और 6 जुलाई शाम 5 बजे तक आखिरी बोली लगाई जा सकेगी।

# चंडीगढ़ निगम का वित्तीय संकट होगा दूर: मनीमाजरा में पांच प्लाट बेचकर 794 करोड़ रुपये कमाएगा, रेट लिस्ट फाइनल




पांच में पहले तीन प्लाट 106049 वर्ग फीट के होंगे। इसके अलावा प्लाट नंबर चार की जमीन 183518.64 वर्ग फीट और प्लाट नंबर पांच 169026.76 वर्ग फीट है। यहां पर जमीन का कलेक्टर रेट 11850 रुपये लगाया गया है। इस हिसाब से जमीनों का मार्केट वैल्यू 794 करोड़ 77 लाख 37 हजार 646 रुपये निकल रहा है। मनीमाजरा पॉकेट नंबर 6 में पांच प्लाट बेचने से चंडीगढ़ नगर निगम को 794 करोड़ रुपये का मुनाफा होगा। वित्तीय संकट को दूर करने के लिए नगर निगम ने मनीमाजरा में पांच प्लाट पर ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट तैयार करने का फैसला किया था।

# पंजाब में मानसून ने पकड़ा जोर, कई जिलों में झमाझम; पारा सामान्य से 6.8 डिग्री नीचे गिरा

मौसम विभाग ने आज के लिए बेहद भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार से पांच दिन तक पंजाब में तेज आंधी तूफान के साथ भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी हुआ है। मौसम विभाग ने आज के लिए बेहद भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार से पांच दिन तक पंजाब में तेज आंधी तूफान के साथ भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी हुआ है। बुधवार को पंजाब में कई जगहों पर बारिश से पारा गिरकर सामान्य से 6.8 डिग्री नीचे पहुंच गया था। तापमान में 2.9 डिग्री की कमी दर्ज की गई। सबसे अधिक 36.1 डिग्री का पारा बठिंडा का दर्ज किया गया। पंजाब के कपूरथला में आज मानसून की पहली बारिश ने दस्तक दी है। वीरवार सुबह 11 बजे से मूसलाधार बारिश हो रही है जिससे तापमान में भी 5 डिग्री तक गिरावट आई है।




# पैरा एशियाई खेल 2022 के 13 खिलाड़ियों पर होगी धनवर्षा, सरकार ने 19.72 करोड़ की पुरस्कार राशि मंजूर की



हरियाणा के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और खेलों में उनकी उपलब्धियों को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस पुरस्कार योजना के तहत, स्वर्ण पदक विजेताओं को 3 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को 1.5 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 75 लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी। हरियाणा सरकार ने "चौथे पैरा एशियाई खेल 2022" में शानदार प्रदर्शन करने वाले राज्य के 13 खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए 19.72 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मंजूर की है। यह निर्णय हरियाणा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष और राज्य की स्वास्थ्य मंत्री डॉ. आरती सिंह राव की तत्काल और त्वरित कार्रवाई के बाद लिया गया है। इस पुरस्कार योजना के तहत, स्वर्ण पदक विजेताओं को 3 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को 1.5 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 75 लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी।

# हरियाणा में सीईटी के लिए जाति प्रमाण-पत्र जमा कराने का फिर मिलेगा मौका



पिछड़े व अनुसूचित जाति के जो अभ्यर्थी सरल पोर्टल तकनीकी कमियों के कारण प्रमाण-पत्र जमा नहीं कर पाए, उनको सुधार का एक और मौका दिया जाएगा। सीएम नायब सैनी ने वीरवार को मंत्रिमंडल की बैठक के बाद प्रेसवार्ता में इसका एलान किया। उन्होंने कहा कि जो युवा जाति प्रमाण-पत्र नहीं बनवा पाए वे भी परीक्षा दे सकेंगे। अन्य प्रक्रिया साथ-साथ पूरी कर ली जाएंगी। बता दें कि प्रमाण-पत्र जमा नहीं कराने पर इन युवाओं को जनरल कैटेगिरी में आवेदन करना पड़ा था। उसके बाद से वे प्रमाण-पत्र अपलोड करने का मौका मांग रहे हैं। सीएम ने कहा कि सीईटी परीक्षा के लिए 13.48 लाख युवाओं ने पंजीकरण करवाया है। पिछले वर्ष यह संख्या लगभग 11 लाख थी। सरल पोर्टल के सर्वर पर अधिक लोड होने के कारण दिक्कतें आई थीं।

# रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान जगन्नाथ



सेक्टर-31 के श्री जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस रथयात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस मौके पर पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। मंदिर को संचालित करने वाली संस्था उत्कल सांस्कृतिक संघ के सांस्कृतिक सचिव अनिल मलिक ने बताया कि सुबह से ही धार्मिक प्रक्रियाएं शुरू हो जाएंगी। दोपहर डेढ़ बजे रथयात्रा का शुभारंभ होगा। आकर्षक तरीके से सजे रथ पर भगवान जगन्नाथ, भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर भक्तों को दर्शन देने के लिए निकलेंगे। रथयात्रा के दौरान भगवान मौसी के घर जाएंगे। बहुडा यात्रा के दौरान 5 जुलाई को भगवान मंदिर में आएंगे। इस दौरान 28 जून से 5 जुलाई तक मंदिर में हर रोज शाम में भजन कीर्तन का आयोजन होगा।

# छात्र संगठनों ने शपथ पत्र की प्रतियां जलाईं




पंजाब विश्वविद्यालय के छात्र संगठनों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के विद्यार्थियों से शपथ पत्र भरवाने के विरोध में गेट नंबर 2 को बंद कर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने कहा कि इसमें छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों को दबाने की कोशिश की गई है। प्रदर्शनकारियों ने शपथ पत्र की प्रतियां भी जलाईं। उन्होंने इसे असांविधानिक और छात्र-विरोधी बताते हुए इसकी निंदा की। कहा कि छात्र अपनी आवाज को दबाने के किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं करेंगे। यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए), 19 (1) (बी) और 21 के तहत गारंटीकृत संवैधानिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन है।

# दविंदर बबला तीसरी बार बने उपाध्यक्ष, भट्टी चौथी बार महामंत्री



प्रदेश भाजपा ने वीरवार को संगठन की नई टीम का ऐलान कर दिया। यह नियुक्तियां राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मंजूरी के बाद की गई हैं। नई टीम में उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष से लेकर आईटी व सोशल मीडिया प्रभारी तक की घोषणा की गई है। इसमें मेयर हरप्रीत कौर बबला के पति दविंदर सिंह बबला तीसरी बार उपाध्यक्ष बने हैं और वरिष्ठ नेता रामबीर भट्टी चौथी बार महामंत्री बने हैं। संजीव राणा को अहम जिम्मेदारी दी गई है। नई टीम में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देविंदर सिंह बबला, राज किशोर, भरत कुमार, इंदिरा सिंह, डॉ. नरेश पांचाल और पूनम शर्मा को सौंपी गई है। वहीं महासचिव के रूप में रामबीर भट्टी और संजीव कुमार राणा की नियुक्ति की गई है।


# बिजली विभाग की किसी बैठक में एकल इस्तेमाल वाली प्लास्टिक बोतल पर प्रतिबंध, सभी पर नियम लागू



हरियाणा बिजली विभाग की किसी भी बैठक में एकल इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक की बोतल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। निदेशक से लेकर किसी भी तरह की आम बैठकों में नियम लागू रहेगा। इसके अतिरिक्त मुख्यालय और फील्ड कार्यालयों में स्थापित वाटर फिल्टर का नियमित रखरखाव किया जाना और आरओ सिस्टम को दुरुस्त रखने के निर्देश है।

# हरियाणा में कैसे रुकेगा डेंगू-मलेरिया, 22 पदों में से 18 बायोलॉजिस्ट नहीं

डेंगू-मलेरिया का सीजन शुरू होने वाला है। इन बीमारियों को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर भी कस ली है लेकिन स्वास्थ्य विभाग की तैयारी अधूरी है। विभाग के पास न तो पूरे बायोलॉजिस्ट हैं और न ही इंसेक्ट कलेक्टर। दोनों के अधिकतर पद खाली हैं। राज्य में बायोलॉजिस्ट के 22 पद हैं, जिनमें 18 खाली हैं। वहीं, इंसेक्ट कलेक्टर (कीट संग्राहक) के 22 में से 20 पद खाली हैं। मच्छर जनित बीमारियों को रोकने में दोनों को अहम भूमिका है।



# Donald Trump: 'यूरेनियम संवर्धन जारी रखा तो फिर करूंगा हमला', ईरान को डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दी चेतावनी



शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कई सवालों के जवाब दिए। इस दौरान उन्होंने ईरान को परमाणु कार्यक्रम न रोकने पर फिर से हमले की चेतावनी दी है। ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हमलों के कुछ दिनों बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से ईरान पर हमले की चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि ईरान ने यूरेनियम संवर्धन की प्रक्रिया जारी रखी, तो अमेरिका उसके खिलाफ दोबारा सैन्य कार्रवाई करने में कोई संकोच नहीं करेगा। ट्रंप ने कहा कि ईरान को पहले भी गंभीर नुकसान पहुंचाया गया है और यदि जरूरत पड़ी, तो उसे फिर से उसी तरह का जवाब दिया जाएगा।